भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1874
दिनांक 30.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

जौनपुर में जेजेएम के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाया जाना

1874. श्री बाबू सिंह कुशवाहाः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि उत्तर प्रदेश के जौनपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के कई गांवों में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत पाइपलाइन बिछाए जाने के बावजूद नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा जेजेएम के पहले, दूसरे और तीसरे चरणों के तहत चयनित गांवों और प्राप्त प्रगति का ब्यौरा क्या है;
(ख) उन गांवों की संख्या कितनी है जहां पहले चरण के तहत कार्य पूरे हो चुके हैं और ऐसे गांवों की संख्या कितनी है जहां कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के माध्यम से प्रत्येक परिवार को नियमित पेयजल की आपूर्ति की जा रही है;
(ग) सौ प्रतिशत एफएचटीसी और नियमित जल आपूर्ति वाले गांवों की सूची क्या है;
(घ) क्या पाइपलाइन बिछाने के कार्यों के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की समय पर मरम्मत कर दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) मरम्मत का कार्य लंबित रहने वाले गांवों का ब्यौरा क्या है और जिम्मेदार एजेंसियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) पेयजल राज्य का विषय है और इसलिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति स्कीमों की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन एवं अनुरक्षण की जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की मदद करती है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बढ़े हुए परिव्यय के साथ जल जीवन मिशन (जेजेएम)

के विस्तार और जेजेएम 2.0 के तहत ग्रामीण पेयजल आपूर्ति क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए पुनर्गठित कार्यान्वयन ढांचे को मंजूरी दे दी है।

उत्तर प्रदेश राज्य ने सूचित किया है कि जौनपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत 1,723 गांवों को कवर करने वाली 690 जलापूर्ति योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं। कार्यशील पारिवारिक नल कनेक्शनों (एफएचटीसी) के बारे में अधिक जानकारी पब्लिक डोमेन में https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMState.aspx पर उपलब्ध है।

(ख) उत्तर प्रदेश राज्य ने सूचित किया है कि जौनपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के 103 गांवों को कवर करने वाली 43 योजनाएं हैं, जहां इन योजनाओं के माध्यम से नियमित रूप से जल आपूर्ति की जाती है।

(ग) शत-प्रतिशत एफएचटीसी और नियमित जल आपूर्ति अर्थात् हर घर जल रिपोर्ट वाले गांवों का ब्यौरा पब्लिक डोमेन में https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMState.aspx पर उपलब्ध है।

(घ) उत्तर प्रदेश राज्य ने सूचित किया है कि जौनपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की 2,448.16 किमी लंबी सड़कों को तोड़ा गया है जिनमें से 2,309.15 किमी लंबी सड़कों को ठीक कर दिया गया है अथवा इन्हें वाहन चलाने योग्य बना दिया गया है।

(ङ) राज्य ने सूचित किया है कि कुछ गांवों में मरम्मत कार्य हेतु कुछ खंडों का कार्य लंबित हैं जिन्हें पाइपलाइन के उचित जल परीक्षण और शेष परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करने के बाद पूरा किया जाएगा। कार्यान्वयन एजेंसियों पर परिसमापन प्रतिपूर्ति अधिरोपित की गई है।

*****